# कोलिहान माइंस में छह सूत्री मांगों को लेकर कर्मचारियों ने की हड़ताल

■ एसडीएम को ज्ञापन देकर कोलिहान खदान प्रबंधन पर लगाया निजी कंपनी को फायदा पहुंचाने का आरोप

**खेतड़ी,** ( निसं ) । कोलिहान माइंस के मुख्य द्वार पर गुरुवार को ठेका कर्मचारियों ने अपनी छह सूत्री मांगों को लेकर हड़ताल पर बैठ गए। इस दौरान कर्मचारियों ने हड़ताल के दौरान सुरक्षा मुहैया करवाने की मांग को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है। एसडीएम बंशीधर योगी को दिए ज्ञापन में बताया कि कंपनी प्रबंधन पर समझौता वार्ता होने के बावजूद अनदेखी कर रही है। माइनिंग मैट अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर होने के बावजूद भी कंपनी कोलिहान खदान प्रबंधन के सहयोग से कार्य कर रही है। विरोध कर रहे ठेका कर्मचारियों ने बताया कि ईएफएमसी पीएल कोलिहान नगर में कार्यरत माइनिंग मैट के पद पर कार्यरत कर्मचारियों ने कंपनी प्रबंधन को अपनी मांगों को लेकर मांग पत्र सौंपा था। इस दौरान कंपनी प्रबंधन ने उस ओर कोई ध्यान नहीं दिया, जिससे यह प्रतीत हो रहा है कि कंपनी कर्मचारियों की मांगों को लेकर गंभीर नहीं है। उन्होंने बताया कि कर्मचारियों की ओर से पिछले काफी समय से माइनिंग मैट का भुगतान समय पर करने की मांग की जा रही है, जिस पर कंपनी ने छह माह में करने का आश्वासन दिया था, लेकिन 14 माह बीत जाने के बाद भी कंपनी की ओर से महत्वपूर्ण कदम नहीं उठाए गए। कर्मचारियों का वर्दी कोड आज तक लागू नहीं किया गया। माइनिंग मैट का इंसेंटिव आपरेटर से प्रतिशत देने के लिए कहा गया था, जिसे आज तक लागू नहीं किया। कर्मचारियों को सीएल व मेडिकल अवकाश नहीं दिए जा रहे है। पिछले 14 माह से ओवरटाइम का भुगतान भी नहीं किया जा रहा है तथा ओवरटाइम के लिए पाबंद नहीं किया जाए। कर्मचारियों ने बताया कि कंपनी की ओर से मांगों को लेकर जब प्रंबधन से बात की जाती है तो उन्हें केवल आश्वासन दिया जाता है, लेकिन उनकी मांगों को पुरा करने के लिए कंपनी प्रबंधन कोई प्रभावी कदम नहीं उठा रहा है। उन्होंने कंपनी प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कहा कि यदि सात दिन में कंपनी की ओर से उनकी मांगों को पूरा नहीं किया गया तो कोलिहान माइंस के मुख्य गेट पर 12 नवंबर से भुख हड़ताल करने को मजबूर हो जाएंगे। इस मौके पर अनिल कुमार सैनी, मुकेश कुमार, राजेंद्र कुमार, निरंजन लाल सैनी, मामराज सैनी, रूस्तम खान, भवानी सिंह, संजय कुमार, बेगराज, कृष्ण कुमार यादव सहित अनेक कर्मचारी मौजूद थे।

## डेयरी बूथ जलकर हुआ राख

**सादुलपुर,** (निसं)। वन विभाग कार्यालय के नजदीक एक डेयरी बूथ में अज्ञात कारणों के चलते आग लग जाने के कारण डेयरी बूथ तथा बुध में रखा सामान जलकर राख हो गया। गुरूवार शाम ०5 बजे राजगढ थाने में होशियार सिंह जांगिड निवासी लाखलाण ने रिपोर्ट दर्ज है। वहीं बुधवार व गुरूवार की मध्य रात्रि को पुलिस ने फायर ब्रिगेड को सूचना देकर मौके पर बुलाया, इसके बाद आग पर काबू पाया जा सका। इस संबंध में थाना अधिकारी पुष्पेंद्र झाझडिया ने बताया कि होशियार सिंह जांगिड निवासी गांव लाखलाण बडी ने सूचना दी की उसके भाई की पत्नी सुनीता के नाम से सरस डेयरी सरदारशहर से दुग्ध वितरण बूथ नंबर 22० आवंटित होने से उसका संचालन वन विभाग कार्यालय राजगढ के पास दक्षिण कोने पर काफी दिनों से किया जा रहा था।

## सार-समाचार

### भागवत कथा में सजाई झांकी

**चूरू,** (कासं.)। शहर के धानुका धर्मशाला में गंगाधर रतनलाल व राजोतिया परिवार की ओर से आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन कथा वाचक साध्वी करुणा गिरी ने बताया कि जब अत्याचारी कंस के पापों से धरती डोलने लगी तो भगवान कृष्ण को अवतरित होना पड़ा। सात संतानों के बाद जब देवकी गर्भवती हुई तो उसे अपनी इस संतान की मृत्यु का भय सता रहा था। भगवान की लीला वे स्वयं ही समझ सकते हैं। भगवान कृष्ण के जन्म लेते ही जेल के सभी बंधन टूट गए और भगवान श्री कृष्ण गोकुल पहुंच गए। कृष्णागिरी ने कहा कि जब-जब धरती पर धर्म की हानि होती हैए तब-तब भगवान धरती पर अवतरित होते हैं। इस अवसर पर जैसे ही भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ, तब पूरा पंडाल जयकारों से गूंज उठा। कार्यक्रम में लीलाधर, मनोज कुमार, राजकुमार, अजय कुमार, आलोक कुमार व कृष्ण कुमार राजोतिया ने सभी का आभार व्यक्त किया। कमल राजोतिया ने बताया कि कथा में गुरुवार को श्री कृष्ण जन्म का वर्णन किया गया। इस दौरान सजाई गई श्री कृष्ण जन्म की झांकी सभी के आकर्षण का केंद्र रही।

### अवतार माह की राजपूरा ब्लॉक की विशेष नामचर्चा का आयोजन

**तारानगर,** (निसं)। डेरा सच्चा सौदा के वर्तमान गद्दीनशीन पूज्य गुरु संत डॉक्टर गुरमीत राम रहीम सिंह जी के हुक्मानुसार तारानगर के निकटवर्ती गाँव ढाणी कुम्हारान मेँ शंकरलाल इंसा के निवास स्थान पर गुरुवार कों डेरा सच्चा सौदा के संस्थापक बेपरवाह शाह सतनाम जी महाराज के पवित्र अवतार माह की राजपूरा ब्लॉक की विशेष नामचर्चा का आयोजन किया। सर्वप्रथम उपस्थित साध संगत ने धन धन सतगुरु तेरा ही आसरे के पवित्र नारे के साथ विनती अरदास बोलकर नामचर्चा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। ततपश्चात कविराज भाइयों ने एक से बढ़कर शानदार भजनों की प्रस्तुति दी। 85 मेंबर सदस्य राजेराम इंसा व बलराज इंसा ने डेरा सच्चा सौदा की हिदायतों के बारे मेँ बताया। ब्लॉक प्रेमी इंसा सुरेन्द्र इंसा ने नामचर्चा कार्यक्रम का संचालन किया। इस मौके पर प्रभुदयाल, माईधन, डूंगराराम, दीपचंद, अमीचंद, रामचंद्र, श्यामलाल, रेशमा, तारामाणी मोहनलाल, रामधन, भानीराम, गोविन्द, किशन, रामनिवास, विद्या सहित राजपूरा ब्लॉक के सैकड़ों भाई बहन उपस्थित रहे।

### श्रद्धांजलि सभा आयोजित

**लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी** । संस्कृत के प्रकांड विद्वान शिक्षाविद समाजसेवी आचार्य नटवरलाल जोशी के निधन पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए सांत्वना संदेश भेजा है। क्षेत्र की अनेकों संस्थाओं का संचालन करने वाले आचार्य जोशी के निधन पर विभिन्न संगठनों व संस्थाओं की ओर से शोक सभा आयोजित कर श्रद्धांजलि अर्पित की । यहां के श्री रघुनाथ जी के बड़े मंदिर में महंत अशोक दास महाराज के सानिध्य में,श्री ऋषिकुल विद्यापीठ की ओर से प्राचार्य डॉ रेखा शर्मा की अध्यक्षता में, लक्ष्मनगढ प्रवासी परिषद मुम्बई की श्रीकृष्ण बैरागडा की अध्यक्षता में शोक सभा आयोजित कर श्रद्धांजलि अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए । इसी तरह द्वारकाशंकराचार्य सदानन्द जी महाराज,बदरीकाश्रम शंकराचार्य अविमुक्तेशरान्द सरस्वती जी,निम्बार्क श्रीजी महाराज श्यामशरण देवाचार्य जी ,प्रो. वासुदेव देवनानी अध्यक्ष राजस्थान विधानसभा , डॉ. नुमाल मोमिन उपाध्यक्ष असम विधानसभा ,मुख्य सचिव राजस्थान सरकार, प्रो.राय कुलपति शेखावाटी विश्वविद्यालय, प्रो.श्रीनिवास कुलपति केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय दिल्ली, प्रो.शुक्ला कुलपति उत्तरपूर्व केन्द्रीय विश्वविद्यालय मेघालय, प्रो. रमाकान्त निदेशक राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान, भोपाल राष्ट्रीय परशुराम परिषद के संस्थापक अध्यक्ष, प्रो. बीएल सैनी अध्यक्ष राजस्थान हिन्दी ग्रंथ अकादमी , प्रो. गोयल प्राचार्य राजकीय संगीत महाविद्यालय, प्रो.पंत, कुलपति असम विश्वविद्यालय, सिलचर, प्रो. वेदप्रकाश, पूर्व निदेशक राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान,ज़िला कलेक्टर सीकर,लक्ष्मणगढ़ नागरिक परिषद, कोलकाता,लक्ष्मणगढ़ नागरिक परिषद, जयपुर,ज़िला भाजपा, ज़िला सीपीएम सहित राष्ट्रीय प्रान्तीय व शेखावाटी की अनेकों शैक्षिणक, सामाजिक, साहित्यिक संस्थाओं ने शोक सभा कर शोक संदेश भेजे हैं ।

## दुकान में आग लगाकर 15 हजार रुपए ले गए थे बदमाश

**खेतड़ी,** ( निसं ) पचेरीकलां पुलिस ने दुकान में चोरी कर सामान कोआग लगाने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। घटना के बाद आरोपी फरार हो गए थे, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी राजपाल सिंह यादव ने बताया कि 15 जूलाई को रायपुर अहीरान निवासी संजीव पुत्र बिशनसिंह ने रिपोर्ट दी कि गांव मेंउसकी किराणा कीदुकानहै।

रात को तरूण सोनी पुत्र विनोद सोनी, जसवंत पुत्र दूलीचंद, सचिन उर्फ भेरू पुत्र विजयपाल, अनिल पुत्र विजयपाल ने दुकान का ताला तोड़कर सामान व 15 हजार रुपए नकद चोरी कर लिए। इसके बाद दुकान का सामान इकट्ठा कर उस में आग लगा दी।आग लगने पर पड़ोसी हरिप्रकाश ने देखा तो शोर-शराबा करने लगा तो आरोपी भाग गए। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी शरद चौधरी ने एक विशेष टीम का गठन कर आरोपी को गिरफ्तार करने के निर्देश दिए।

पुलिस की टीम आरोपियों के संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही थी कि पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर वारदात के दो आरोपियों को पहले गुजरात के सूरत से गिरफ्तार किया था जबकि दो आरोपी फरार चल रहे थे। इस दौरान पुलिस को सूचना मिली कि दुकान में आग लगाने के आरोपी क्षेत्र में आए हुए है जिस परपुलिस ने दबिश देकर अनिल उर्फ कालिया पुत्र विजयपाल व तरूण पुत्र विनोद को गिरफ्तार कर लिया। मामलेमेंपुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया था।थानाधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी से गहनता से पूछताछ की जा रही है तथा वारदातमेंशामिल अन्य आरोपियों के बारेमेंभी जानकारी जुटाई जा रही है, जिन्हें जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इस दौरान टीममेंथानाधिकारी राजपाल सिंह यादव, एएसआई नरेश कुमार, कांस्टेबल सुनील कुमार, रणवीर सिंह आदि शामिल थे।

## पेयजल के लिए तरस रही जनता

**सीकर,**(निसं)। शहर के सबसे घनी आबादी वाला राधाकिशनपुरा इन दिनों पीने के पानी को तरस रहा है। लोगों को महंगे दामों में पानी खरीदना पड़ रहा है। पेयजल के लिए त्राहि त्राहि कर रही जनता की कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही।सबसे ज्यादा विकट स्थिति राधाकिशनपुरा में खानदानी डेयरी के सामने सैनी हास्टल के पास वाली गली में है। वहां पिछले 45 दिनों से पानी की बूंद भी नहीं टपक रही। क्षेत्र के निवासियों ने इस समस्या से क्षेत्र के पार्षद को अवगत करवाया। 181 नम्बर पर भी शिकायत दर्ज कराई। जलदाय विभाग के चक्कर काट काट भी लोग हैरान हो गये, परन्तु कहीं से भी उन्हें पानी तो दूर संतोषजनक जवाब भी नहीं मिल रहा।

## स्वास्थ्य कर्मियों ने बताए तम्बाकू सेवन के दुष्प्रभाव

■ एमसीएचएन दिवस व ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर हुई जन सुनवाई में स्वास्थ्य कर्मियों ने आमजन को किया जागरूक

**सीकर,** (निसं)। चिकित्सा विभाग की ओर से तम्बाकू सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में आमजन को जागरूक किया जा रहा है। राज्य सरकार की ओर से तम्बाकू सेवन से होने वाली अकाल मौतों को रोकने व इसके दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करने लिए प्रदेश में टोबेको फ्री यूथ कैम्पेन 2.0 शुरू किया गया है। इसके तहत चिकित्सा विभाग, ग्राम विकास व पंचायतीराज विभाग, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।

चिकित्सा मंत्री गजेन्द्रसिंह खींवसर, प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़, मिशन निदेशक एनएचएम डॉ भारती दीक्षित व जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा के निर्देशन में कैम्पेन के तहत गुरूवार को जिले में आंगनबाडी केन्द्रों, चिकित्सा संस्थानों पर मनाए गए मातृ शिशु स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस पर आने वाली सभी महिलाओं, बच्चों, किशोर किशोरियों को स्वास्थ्य कर्मियों ने बीडी, सिगरेट, गुटखा, जर्दा व अन्य तम्बाकू जनित वस्तुओं के सेवन से होने वाले शारीरिक व मानसिक दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी। साथ ही ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर हुई जन सुनवाई के दौरान भी ग्रामीणों को नशीली वस्तुओं के सेवन से होने वाली बीमारियों की जानकारी दी।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ निर्मल सिंह ने बताया कि कैम्पेन के तहत जिले में सरकारी व प्राइवेट शिक्षण संस्थान, दुकान, कियोस्क, डेयरी, होटल, बार व अन्य सार्वजनिक स्थानों के आसपास खाद्य सामग्री के साथ तम्बाकू उत्पाद बेचने पर कोटपा अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। सरकारी चिकित्सा संस्थानों से लेकर उप स्वास्थ्य केन्द्रों तक चिकित्सा विभाग की टीमें गांव व शहर में आमजन को तम्बाकू उत्पाद का सेवन नहीं करने का संदेश दे रही है।

अभियान के जिला नोडल अधिकारी डिप्टी सीएमएचओ डॉ अशोक महरिया ने बताया कि कैम्पेन के तहत सरपंच, उप सरपंच तथा वार्ड पंचों सहित ग्राम सभा के सदस्यों के सहयोग से तम्बाकू मुक्त ग्राम पंचायत बनाया जाएगा। इसके तहत तम्बाकू मुक्त ग्राम की गाइड लाइन के अनुसार प्रमुख स्थानों पर तम्बाकू मुक्त ग्राम, धूम्रपान निषेध बोर्ड व साइनेज का प्रदर्शन भी किया जाएगा।

## 'जयनारायण पूनिया को कि श्रद्धांजलि अर्पित

**सादुलपुर,** (निसं)। राजगढ में पूर्व कैबिनेट मंत्री स्व. जयनारायण पूनिया की तीसरी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। तथा उनके आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया गया। शिक्षक संघ के मनोज पूनियां ने गुरूवार को चार बजे जानकारी देते हुए बताया कि पूर्व कैबिनेट मंत्री स्व. जयनारायण पूनिया तीन बार विधायक भी रह चुके है, दो बार वर्ष 1985 तथा वर्ष 2०13 से वर्ष 2०18 तक तारानगर विधायक रहे। वर्ष 1977 में सादुलपुर से विधायक बने तथा भैरो सिंह शेखावत की सरकार में सार्वजनिक निर्माण विभाग कैबिनेट मंत्री बने। वर्ष 1933 में लाखलाण छोटी गांव में पूनिया का जन्म हुआ। आयोजित श्रद्धांजलि सभा में पूर्व कैबिनेट मंत्री पूनिया के व्यक्तित्व कृतित्व गांधीवादी, स्पष्ट व बेबाक कार्यशैली, दृढ इच्छाशक्ति और सच्चाई के लिए काम करने की कार्यशैली पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर उनके जेष्ठ पुत्र प्रो. दिलीप पूनिया, बजरंग सांगवान, धर्मपाल गवालिसर सहित सैकडों कार्यकर्ताओं ने उनको श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

## मांग को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने सौंपा ज्ञापन

■ भाजपा कार्यकर्ताओं ने नगरपालिका परिसर में नारेबाजी कर अपना विरोध प्रदर्शन किया

**रतनगढ़,**( निसं)। रतनगढ़ नगरपालिका द्वारा निकाले जा रहे टेंडरों में हो रहे भ्रष्टाचार व घपलेबाजी को रोकने की मांग को लेकर गुरुवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूर्व शहर मंडल अध्यक्ष अरविंद इंदौरिया के नेतृत्व में अधिशासी अधिकारी सहदेव चारण को ज्ञापन सौंपा। इससे पहले भाजपा कार्यकर्ताओं ने नगरपालिका परिसर में नारेबाजी कर अपना विरोध प्रदर्शन किया। भाजपा नेता अरविंद इंदौरिया ने बताया कि गत 10 अक्टूबर को नगरपालिका द्वारा शहर में विभिन्न वार्डों में विकास कार्यों के लिए टेंडर प्रक्रिया आहूत की, लगभग 9 करोड रुपए की राशि के कार्यों के लिए ऑनलाइन निविदा की सूचना सुबह 10:00 बजे दी गई थी, लेकिन टेंडर खुलने के समय ऐ ई न ऑफिस के आगे ताला लगा दिया गया, जब इसका पार्षदों ने विरोध किया तो ऑफिस का ताला खोला गया और अंदर जाने पर पता चला कि टेंडर प्रक्रिया से पहले ही टेंडर पेटी सील कर दी गई, जिसके कारण अन्य ठेकेदार निविदा प्रक्रिया में भाग लेने से वंचित रह गए ।

इंदौरिया ने बताया कि ऑनलाइन समय में परिवर्तन कर अपने चहेते ठेकेदारों को पुल बनाकर कॉपी डालने का अवसर संबंधित नगरपालिका अधिकारियों द्वारा दिया गया, टेंडर प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की प्रतिस्पर्धा न होकर 9 करोड रुपए के काम फर्जीवाड़ा कर बांटे जा रहे हैं, टेंडर प्रक्रिया में कहीं भी पारदर्शिता का ध्यान नहीं रखते हुए अपने चहेते लोगों को अनुचित लाभ उठाने का अवसर नगर पालिका प्रशासन द्वारा दिया जा रहा है, साथ ही भ्रष्टाचार के साथ सरकार को चूना लगाने का काम भी धड़ल्ले स किया जा रहा है । ज्ञापन के माध्यम से टेंडर प्रक्रिया में हो रही घपलेबाजी की जांच करवाने और खुलेआम हो रहे भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने व पारदर्शिता के साथ नये सिरे से पुन: टेंडर प्रक्रिया करवाने की मांग की गई है। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता रमेश कुमार पारीक, पार्षद रामकृष्ण माटोलिया, कालूराम भार्गव, पवन तिवाड़ी, पूरणमल दादरवाल, लीलाधर प्रजापत सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

## किसान नेता बाबल की स्मृति में चूरू ओलंपिक प्रतियोगिता 10 को

**चूरू,** (कासं.)। अंचल के प्रख्यात किसान नेता सांवर मल बाबल की स्मृति में आगामी 10 नवंबर को जिला मुख्यालय पर सांवरमल बाबल चूरू ओलम्पिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता को लेकर गुरुवार को प्रेस वार्ता में जानकारी देते हुए समाजसेवी जितेंद्र बाबल ने बताया कि प्रतियोगिता चूरू जिला स्टेडियम में 10 नवंबर को प्रातः 8 बजे शुरू होगी। प्रतियोगिता के अंतर्गत एथलेटिक्स के विभिन्न इवेंट होंगे। प्रतियोगितायें बालक-बालिका दोनों वर्ग में होंगी।

उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता के अंतर्गत 100 मीटर दौड़ ओपन, 1600 मीटर दौड़ ओपन, 1600 मीटर दौड़ चूरू ब्लॉक और 800 मीटर दौड़ 15 वर्ष तक आयु के लड़के-लड़कियों के लिए व 4 गुणा 100 रिले दौड़ ओपन आयोजित होगी। इन प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया जायेगा। प्रथम तीन स्थान पर आने वाले खिलाड़ियों को क्रमशः 5100, 3100 व 2100 रुपए नकद प्रदान किये जाएंगे। रिले दौड़ में प्रथम पुरस्कार 7100 रुपये, द्वितीय 5100 रुपए तथा तृतीय पुरस्कार 3100 रुपए रहेगा। प्रतिभागियों से कोई प्रवेश शुल्क नहीं लिया जाएगा। प्रतिभागी 10 नवंबर को प्रातः 7 बजे तक प्रतियोगिता स्थल पर प्रवेश कर सकेंगे। गौरतलब है कि प्रतियोगिता अंचल के किसान नेता स्व. सांवरमल बाबल की स्मृति में आयोजित की जा रही है। आपको बता दें कि सांवरमल बाबल ठेलासर व श्योपुरा ग्राम पंचायत में सरपंच रहे चुके हैं। इस दौरान शारीरिक शिक्षक शिशुपाल बुड़ानिया ने खेल स्पर्धाओं के बारे में जानकारी दी। शारीरिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष रामसिंह सिहाग ने जिला खेल स्टेडियम की व्यवस्थाओं व आयोजन की रूपरेखा की चर्चा की।

## अनिरुद्ध ने विश्व स्काई चैंपियनशिप में जीता स्वर्ण पदक

**सीकर,** ।सीएलसी द्वारा संचालित सीबीएसई स्कूल सीआईएस के कक्षा 9 के प्रतिभाशाली छात्र अनिरुद्ध किशनावत ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का गौरव बढ़ाया है। अनिरुद्ध ने ताशकंद, उज्बेकिस्तान में आयोजित चौथी अंतर्राष्ट्रीय स्काई चैंपियनशिप-2024 में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। यह प्रतियोगिता 3 से 7 नवंबर तक आयोजित की गई, जिसमें अनिरुद्ध ने भारत का प्रतिनिधित्व किया और अपनी उत्कृष्ट खेल प्रतिभा के दम पर शीर्ष स्थान हासिल कर देश का नाम रोशन किया।

सीआईएस निदेशक समर चौधरी ने अनिरुद्ध की इस सफलता की जानकारी देते हुए कहा कि उनका यह प्रदर्शन देश के लिए गर्व का क्षण है और उन्होंने सीआईएस एवं पूरे भारत का मान बढ़ाया है। समर चौधरी ने कहा कि अनिरुद्ध की मेहनत, लगन और खेल के प्रति समर्पण ने इस उपलब्धि को संभव बनाया है।

सीआईएस प्रिंसिपल सुषमा भदौरिया ने अनिरुद्ध की सराहना करते हुए बताया कि वह अपनी अद्भुत खेल भावना के कारण खेलों में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना चुका है। अनिरुद्ध की इस उत्कृष्ट सफलता पर विद्यालय परिवार ने उसकी उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं और सीआईएस परिसर में आतिशबाजी के साथ विजय उत्सव मनाया गया।

अनिरुद्ध की इस उपलब्धि ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया है कि सीआईएस, सीएलसी का एक ऐसा विद्यालय है जो न केवल शिक्षा बल्कि खेलों में भी छात्रों को विश्व स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करता है।


**कार्यालय नगरपालिका मण्डल छापर (राजस्थान)**

क्रमांकः-न.पा.छा./2024/2156 दिनांकः-04.11.2024

**आपत्ति विज्ञप्ति सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2024-25 में स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) के तहत नगरपालिका छापर शहर के समस्त वार्डो को ऑडिफ ODF+/ODF++ घोषित किया जा रहा है। यदि उक्त संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के समयावधि में नगरपालिका कार्यालय में लिखित रूप में प्रस्तुत करे बाद मियाद आपत्ति मान्य नहीं होगी। स्वच्छता से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत के लिए स्वच्छता ऐप डाउनलोड करे।

राज.संवाद/सी/24/7447 **अधिशाषी अधिकारी**


## छात्रवृत्ति आवेदन में आक्षेप निस्तारण के लिए अंतिम अवसर

**चूरू,** (कासं.)। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की ओर से विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं के ऑनलाइन आवेदन में आक्षेप पूर्ति के लिए अभ्यर्थियों को अंतिम अवसर प्रदान किया गया है। विभाग के उपनिदेशक नगेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2016-17 से 2022-23 में उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्ति योजनाओं यथा अनुसूचित जाति, अनुण्जनजाति, अतिपिछड़ा वर्ग, अन्य पिछड़ा वर्ग केवल शैक्षणिक सत्र 2022-23 आर्थिक पिछड़ा वर्ग, विमुक्त, घुमन्तु एवं अद्र्धघुमन्तु समुदायए मिरासी एवं भिश्ती समुदाय तथा मुख्यमंत्री सर्वजन उच्च शिक्षा छात्रवृत्ति में ऑनलाईन प्राप्त आवेदन पत्रों में से कतिपय आवेदन पत्रों में विद्यार्थी द्वारा छात्रवृत्ति आवेदन करने के पश्चात नाम, जन्मतिथि, जाति, मूल निवास, जिला, आधार संख्या में परिवर्तन जैसी आंशिक कमियां, आक्षेप, रैड फ्लैग में होने के कारण विभाग द्वारा आक्षेपित किया गया था। ऐसे आवेदन पत्रों में संबंधित विद्यार्थी, शिक्षण संस्थाओं द्वारा आक्षेप पूर्ति करने हेतु कई अवसर दिये जाने के उपरान्त भी कतिपय विद्यार्थियों, शिक्षण संस्थाओं द्वारा आक्षेप पूर्ति कर ऑनलाईन फॉरवर्ड नहीं किया गया है। इसकी वजह से ऐसे छात्रवृत्ति आवेदन पत्रों की स्वीकृति एवं भुगतान संबंधी कार्यवाही किया जाना संभव नहीं हो पा रहा है। इसलिए विद्यार्थी हित को दृष्टिगत रखते हुए अन्तिम अवसर प्रदान करते हुए शैक्षणिक सत्र 2016-17 से 2022-23 तक के ऑनलाईन आवेदन पत्रों का पूर्ण निस्तारण करने हेतु विद्यार्थियों के स्तर पर आक्षेप,अन्य कारणों से लम्बित आवेदन पत्रों की आक्षेप पूर्ति कर शिक्षण संस्थान को ऑनलाईन फारवर्ड करने की अन्तिम तिथि 22 नवम्बर 2024 निर्धारित की गई है। शिक्षण संस्थाओं को विद्यार्थियों से प्राप्त ऑनलाईन आवेदन पत्रों की जांच कर पात्र आवेदन पत्रों को स्वीकृतिकर्ता अधिकारी तक ऑनलाइन फॉरवर्ड करने की अन्तिम तिथि 29 नवम्बर 2024 तथा शैक्षणिक सत्र 2021-22 एवं 2022-23 के रैड फ्लैग में प्रदर्शित आवेदन पत्रों के संबधित विद्यार्थी को वांछित दस्तावेज जिला कार्यालय में प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि 30 नवम्बर 2024 निर्धारित की गई है।




# साइबर ठगों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, छह जने गिरफ्तार, दो नाबालिग डिटेन

## साइबर ठगों के मोबाइल में अनेक प्राइवेट कंपनियों के लुभावने ऑफर देकर ठगी की

**तिजारा,** (निसं)। खैरथल-तिजारा जिले की तिजारा थाना पुलिस ने साइबर ठगों के खिलाफ गुरुवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए 6 साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही दो नाबालिग साइबर ठगों को भी डिटेन किया गया है। इसके अलावा एरिया डोमिनेशन की कार्रवाई कर 6 अन्य बदमाशों को भी पकड़ा है।

डीएसपी शिवराज सिंह ने बताया कि तिजारा के मेवात क्षेत्र में साइबर ठगी की बढ़ती वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई की गई है, जिसमें 6 साइबर ठगों सहित दो नाबालिगों को गिरफ्तार किया गया है। डीएसपी ने बताया मुखबिर से सूचना मिली कि थोस व चावंडी कला गांव सहित जेरोली गांव की पहाड़ी के पास एकांत जगह में करीब 7 से 8 लड़के मोबाइल फोनों के जरिए ठगी कर रहे हैं। इस सूचना पर थाना इंचार्ज सब इंस्पेक्टर सुहेल ने टीम का गठन कर मौके पर जाकर दबिश दी और ठगी करते हुए 6 बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया,



तिजारा थाना पुलिस ने छह साइबर ठगों को गिरफ्तार किया।

जिनमें चावड़ीकला निवासी आस मोहम्मद पुत्र खुर्शीद, जरौली निवासी रिजवान पुत्र हाकम, राशिद पुत्र कमरुद्दीन, इरशाद पुत्र कमरुद्दीन, तिजारा के काजीवाड़ा निवासी साहिल पुत्र रज्जाक, आजाद पुत्र रज्जाक को गिरफ्तार कर लिया है।

साइबर ठगों के मोबाइल में अनेक प्राइवेट कंपनियों के लुभावने ऑफर देकर लोगों से ठगी करने की चैट पाई गई है। फिलहाल पुलिस बदमाशों से पूछताछ करने में जुटी है। बदमाश मोबाइल नंबर लेकर किसी भी व्यक्ति के व्हाट्सएप पर प्राइवेट कंपनियों में नौकरी दिलाने का झांसा देते हैं। ये ठग बाकायदा अपने व्हाट्सएप की डीपी पर निजी कंपनी का जॉब पोर्टल का लोगो लगाकर लोगों को ठगते हैं। ये ठग अपने आप को किसी निजी कंपनी का एमडी बताकर उसे 35 से 40

■ **बदमाश मोबाइल नंबर लेकर किसी भी व्यक्ति के व्हाट्सएप पर प्राइवेट कंपनियों में नौकरी दिलाने का झांसा देते थे**

हजार रुपए सैलरी और 10 हजार रुपए एडवांस देने की बात का लालच देकर उन्हें अपने झांसे में लेते हैं। इसके साथ ही जॉब लगने के बाद निजी मोबाइल कंपनी का फोन देने और उसमें 1 साल तक फ्री डाटा सर्विस देने का भी लालच देते हैं।

यह बदमाश कंपनियों के रजिस्ट्रेशन के नाम पर लोगों से 650 से लेकर 550 रुपए अपना कोड भेज कर रजिस्ट्रेशन के नाम पर मांगते हैं। इसके साथ ही पुराने नोट और 786 सीरियल नंबर नोट होने पर उन्हें महंगे दाम पर खरीदने का और बेचने का झांसा देकर लोगों से फ्रॉड करते हैं।

# बीएपी प्रदेश प्रभारी के होटल पर छापेमारी

## अवैध शराब बरामद, तीन आरोपी गिरफ्तार

**डूंगरपुर,** (निसं)। जिले की कोतवाली पुलिस ने बीएपी नेता के होटल पर छापेमारी कर अवैध शराब बरामद की। पुलिस ने बीएपी के प्रदेश प्रभारी सामान्य वर्ग दिग्विजय सिंह के होटल पर छापेमारी में अवैध शराब बरामद की है। होटल पर ग्राहकों को बैठाकर शराब परोसी जा रही थी। पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जबकि थाने के हिस्ट्रीशीटर प्रदेश प्रभारी दिग्विजयसिंह की तलाश की जा रही है।

कोतवाली थानाधिकारी भगवानलाल ने बताया कि चौरासी विधानसभा उपचुनाव को लेकर अवैध शराब पर अंकुश लगाने कार्रवाई की जा रही है। इसी के तहत पुलिस को सूचना मिली कि अस्पताल रोड पर होटल हवेली में ग्राहकों को बैठाकर शराब परोसी जा रही है। इस पर थानाधिकारी भगवानलाल के साथ एसआई अमृतलाल, हेड कॉन्स्टेबल मोहनलाल सिंह, तेजबहादुर सिंह, जितेंद्र सिंह, पंकज की टीम ने लक्ष्मीनगर कॉलोनी में स्थित होटल हवेली पर छापेमारी की। इस दौरान होटल पर ग्राहकों को बैठाकर शराब पिलाई जा रही थी। पुलिस की कार्रवाई से हडकंप मच गया। तलाशी के दौरान होटल से 3 कार्टन बियर, अंग्रेजी शराब के 34 पव्वे बरामद किए हैं। होटल पर शराब को लेकर कोई लाइसेंस भी नहीं था। पुलिस ने आरोपी गजेंद्र सिंह पुत्र कुबेर सिंह शक्तावत राजपूत निवासी चंदोडा थाना सेमारी सलूंबर, किरण पुत्र लक्ष्मण गरासिया निवासी साबली थाना बिछीवाडा, बाबूलाल पुत्र मानसिंह हरमोर मीणा निवासी पालसेपुर थाना सराडा सलूंबर को गिरफ्तार किया है। आरोपी होटल मालिक दिग्विजयसिंह पुत्र महेंद्रसिंह राजपूत निवासी करेलिया दोवडा की तलाश की जा रही है। दिग्विजय सिंह कोतवाली थाने का हिस्ट्रीशीटर भी है।

# कंटेनर से 10 लाख की शराब बरामद

**डूंगरपुर,** (निसं)। बिछीवाड़ा पुलिस ने विधानसभा उपचुनाव में बडी कार्रवाई करते हुए 10 लाख की कीमत की शराब का अवैध परिवहन करते हुए एक कंटेनर को जब्त किया। रतनपुर बार्डर पर पुलिस को मुखबीर से मिली सूचना पर नाकाबंदी के दौरान एक कंटेनर को जब्त किया है। पुलिस द्वारा तलाशी के दौरान कंटेनर से राजस्थान निर्मित 205 कार्टन शराब बरामद की है। पुलिस ने चालक को भी गिरफ्तार कर मामला

■ **कंटेनर से 205 कार्टन शराब बरामद**

दर्ज किया है।

बिछीवाड़ा थानाधिकारी कैलाश सोनी ने बताया कि पुलिस को मुखबीर से मिली सूचना के आधार पर रतनपुर चौकी पर नाकाबंदी कर वाहनों की तलाशी की जा रही थी। नेशनल हाईवे 48 पर अहमदाबाद जाने वाले मार्ग पर एक कंटेनर को रोक कर कंटेनर चालक सांचौर निवासी रमेशकुमार पुत्र ईशारा राम से प्रारंभिक पूछताछ में बंद बॉडी कंटेनर में कुरियर का सामान होने की जानकारी पर पुलिस द्वारा कंटेनर की तलाशी लेने पर उसमें राजस्थान निर्मित अलग-अलग ब्रांड की शराब भरी हुई पाई गई। शराब की गिनती करने पर कुल 205 कार्टन शराब कार्टन बरामद किए। वही पुलिस ने आरोपी चालक से पूछताछ पर शराब को गुजरात पहुंचाने की प्रारंभिक जानकारी दी।

# अडानी सोलर ने पेड़ काटे, 14 ग्रामीणों की गिरफ्तारी पर विधायक ने धरना दिया

**जैसलमेर,** (नि.सं.)। जिले के बईया गांव में एक निजी सोलर पावर कंपनी अडानी सोलर पावर द्वारा अपने सोलर पावर प्रोजेक्ट के लिए शुरू किये कार्य के दौरान बवाल मच गया। सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों ने कम्पनी द्वारा काटे जा रहे पेड़ों की कटाई का विरोध करते हुए इस पावर प्रोजेक्ट के निर्माण का कार्य रुकवा दिया, जिसको लेकर पुलिस ने 14 लोगों को हिरासत में लिया।

इस मामले में शिव विधायक रविंद्रसिंह भाटी बुधवार रात झिनझिनयाली थाने पहुंचे और पुलिस की कार्यप्रणाली का विरोध जताया। शिव विधायक का कहना है कि पुलिस ग्रामीणों की आवाज को दबा रही है और कंपनी के लिए काम कर रही है इसलिए वो अपनी गिरफ्तारी देने आए हैं। शिव विधायक समेत सैकड़ों लोगों द्वारा धरना देने पर पुलिस ने 14 ग्रामीणों को छोड़ा। शिव विधायक भाटी ने बताया कि सरकार राइजिंग राजस्थान के लिए इन्वेस्टमेंट लेकर आ रही है। मैं इसके खिलाफ नहीं हूं मगर हमारे यहां के ओरण-गोचर की ज़मीनों को किसी भी

■ **अडानी सोलर पावर द्वारा सोलर पावर प्रोजेक्ट के लिए शुरू किये कार्य के दौरान बवाल मच गया था**

कीमत पर सोलर और विंड कंपनियों के हवाले नहीं करेंगे। कंपनियों को सब सोच समझ कर और स्थानीय मुद्दों को देखते हुए ही काम करना होगा। अन्यथा उनको काम नहीं करने दिया जाएगा। भाटी ने बताया कि ग्रामीण और मैं खुद चाहते हैं कि कंपनियां आए, इंडस्ट्रीज आए मगर इस क्षेत्र का पूरा ख्याल रखे। सोलर और विंड के नाम पर जो ओरण-गोचर पर अतिक्रमण हो रहा है उसको बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इन सभी कंपनियों को प्रोपर प्लानिंग और मैनेजमेंट से काम करना होगा। इस इलाके की वनस्पति, पेड़ पौधे और पशु पक्षियों का भी ख्याल करना होगा। भाटी ने कहा कि सरकार इसको लेकर समय रहते संवेदनशील होकर कदम उठायेगी नहीं तो हम लड़ने वाले लोग हैं, भगतसिंह को फॉलो करते हैं और सरकारों से लड़ेंगे। सरकारें बहरी होगी तो भगतसिंह की तरह धमाका करके सुनाएंगे। जानकारी के अनुसार जैसलमेर जिले के झिनझिनयाली थाना इलाके के बईया गांव के पास अडानी सोलर कंपनी ने अपना काम शुरू किया।

हालांकि फिलहाल कंपनी द्वारा निजी खातेदारी की भूमि में कार्य शुरू किया गया है। लेकिन ग्रामीणों का ये विरोध है कि इस भूमि के पास करीब 25 हजार बीघा सरकारी भूमि के अलॉटमेंट के लिये कम्पनी ने आवेदन किया है, वो एक देवी माता के मंदिर की ओरण गोचर भूमि है, जिसे फिलहाल ओरण का दर्जा नहीं मिला है। कार्यस्थल पर भारी विरोध के चलते झिनझिनयाली पुलिस थाना अधिकारी सुरजाराम मौके पर पहुंचे और 3 दर्जन से ज्यादा ग्रामीणों को डिटेन कर थाने लाया गया। पुलिस के अनुसार उसमे से 14 ग्रामीणों को शांतिभंग करने की धाराओं में गिरफ्तार किया गया, जिन्हें बाद में छोड़ दिया।

# शिक्षक मनीष मीणा की हत्या के मामले तीन आरोपी गिरफ्तार, मुख्य आरोपी फरार

**बून्दी,** (निसं)। बूंदी शहर में सोमवार रात्रि को हुए शिक्षक मनीष मीणा की हत्या मामले में पुलिस ने कड़ी मेहनत करते हुए 48 घंटों के भीतर ही बुधवार रात्रि को तीन आरोपियों सोनू पुत्र किशन बैरवा, दीपक पुत्र भवानी शंकर खटीक और विशाल पुत्र छितर रैगर को बूंदी के भीमलत के जंगल से गिरफ्तार कर लिया गया। वहीं मामले में मुख्य आरोपी मुख्य आरोपी बरखेड़ा थाना नमाना निवासी गुरुप्रीत सिंह उर्फ गोपी पुत्र जरनेल सिंह अभी भी पुलिस की पकड़ से बाहर है, पुलिस टीम मुख्य आरोपी की भी तलाश में जुटी हैं। पुलिस ने गुरुवार दोपहर को तीनों आरोपियों को भारी पुलिस लवाजमे के साथ घटना स्थल पर ले जाकर मौके स्थल की शिनाख्त कराकर व शहर में पैदल परेड कराई। इस केस में पुलिस की त्वरित कार्रवाई और अपराधियों की सार्वजनिक परेड से लोगों में अपराध के प्रति सख्त संदेश गया है।

बून्दी पुलिस अधीक्षक राजेन्द्र कुमार ने बताया कि 4 नवंबर की रात्रि को बूंदी शहर में लंका गेट अम्बेडकर



पुलिस ने मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया।

सर्किल पर चाकू मारकर मनीष की हत्या करने के मामले में जिला स्तर पर गठित टीमों द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुये घटना में शामिल 3 आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक बूंदी द्वारा मुख्य आरोपी गुरुप्रीत सिंह उर्फ गोपी पर 25000

■ **पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों की शहर में पैदल शिनाख्त परेड कराई**

रुपये, आरोपी विशाल वर्मा, दीपक वर्मा व मोनू पर 10-10 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। अति. पुलिस अधीक्षक उमा शर्मा के सुपरविजन में उपाधीक्षक बूंदी अरुण कुमार द्वारा कार्यवाही करते हुये भीमलत के जंगलों में फरारी काट रहे वांछित तीन आरोपी विशाल वर्मा, दीपक वर्मा व मोनू को गिरफ्तार किया। उक्त तीनों आरोपियों विशाल वर्मा पुत्र छीतर लाल निवासी नैनवां रोड गेट नं. 3 पानी की टंकी के पास रजत कॉलोनी, दीपक वर्मा पुत्र भवानीशंकर निवासी मेहरो का मोहल्ला खटकड हाल निवासी मालनमासी बालाजी मंदिर के पीछे बून्दी और मोनू पुत्र श्रीकिशन निवासी ग्राम सोरण जिला बून्दी से अनुसंधान जारी है।

# ठगी करने वाले गिरोह को पकड़ा

**जोधपुर,** (कासं)। शहर में ऑनलाइन बिजनैस कर लोगों से लाखों करोड़ों की ठगी करने वाले एक गिरोह को पुलिस ने पकड़ा है। पुलिस ने रात को एक फ्लैट पर रेड देकर वहां से चार युवकों को गिरफ्तार किया। फ्लैट से लेपटॉप, मोबाइल, 50 एटीएम कार्ड के साथ क्रेडिट - डेबिट कार्ड इत्यादि जब्त

■ **फ्लैट पर पुलिस की दबिश, चार जने गिरफ्तार**

किए गए है। फ्लैट के बाहर खड़ी एक थार जीप को भी जब्त कर लाया गया है। मिली जानकारी के अनुसार रात को महामंदिर पुलिस ने मुखबिरी सूचना पर मान का हत्था क्षेत्र में एक निजी फ्लैट पर मय दलबल के रेड दी। पुलिस को देखकर युवक भागने लगे। तब पुलिस ने मौके से चार लोगों को पकड़ा। युवकों द्वारा यूएसडीटी डॉलर का अवैध रूप से कारोबार किया जा रहा था। यह लोग ऑनलाइन लोगों से लाखों की धोखाधड़ी करते पाए गए। पुलिस ने वहां से 50 एटीएम कार्ड, क्रेडिट - डेबिट कार्ड भी जब्त किए है। थार जीप को बरामद कर थाने लाया गया। पुलिस आरोपियों से पूछताछ में जुटी है। बड़े रैकेट का पता लगने की संभावना बनी है। शाम तक पुलिस मामले में पूर्ण खुलासा कर पाएगी।

# बैंक में चोरी का प्रयास विफल

**हलैना,** (निसं)। उप तहसील हलैना क्षेत्र के गांव सरसैना स्थित बडौदा राजस्थान क्षेत्रिय ग्रामीण बैंक के भवन में पीछे से अज्ञात चोरों ने बैंक का खजाना चोरी करने उद्देश्य से दीवार में सैंध लगाई। लेकिन चोर सैंध लगाने एवं खजाना चोरी करने के प्रयास में असफल रहे और बैंक का खजाना चोरी होने से बच गया।

सूचना पर पुलिस पहुंची और बैंककर्मियों सहित आसपास के परिवारों से पूछताछ की। लेकिन कोई सुराग हाथ नही लगा। इस संबन्ध में बैंक के प्रबन्धक ने अज्ञात चोरो के खिलाफ सूचनार्थ रिपोर्ट पेश की। थाना प्रभारी बिजेन्द्र शर्मा ने बताया कि थाना क्षेत्र के गांव सरसैना में हलैना-खेडलीगंज वाया भूतोली मार्ग स्थित तिराया पर एक निजी भवन में किराया पर बडौदा राजस्थान क्षेत्रिय ग्रामीण बैंक संचालित है। जिस बैंक के प्रबन्धक ने बैंक के भवन में अज्ञात चोरों के द्वारा सैंध लगाने की सूचना दी, सूचना पर मय जाप्ता के गांव सरसैना पहुंचे और भवन में लगे सैंध का निरीक्षण कर बैंक के स्टाफ व ग्रामीणों से पूछताछ की। लेकिन कोई सुराग नही लगा। बेंक में चोरी होने से बच गई। गांव सरसैना स्थित बडौदा राजस्थान क्षेत्रिय ग्रामीण बैंक पर कोई भी सुरक्षा व्यवस्था के लिए एक भी गार्ड नही लगा हुआ है और न ही दिन में नजर आता है।

# अनीता चौधरी हत्याकांड : मृतका की सहेली को शांतिभंग में पकड़ा

## आरोपी की पत्नी और सहेली का मेडिकल कराया, 8वें दिन भी पोस्टमार्टम पर गतिरोध बरकरार

**जोधपुर,** (कासं)। जोधपुर में ब्यूटीशियन के मर्डर के 8 दिन बाद भी उसके शव का अंतिम संस्कार नहीं हुआ। परिवार एक करोड़ रुपए का मुआवजा और सरकारी नौकरी की मांग और सीबीआई जांच की मांग को लेकर धरने पर बैठा है। वहीं, हत्याकांड का मुख्य आरोपी गुलामुद्दीन भी अब तक पुलिस की गिरफ्त से बाहर है।

लोगों की जुबां पर पुलिस द्वारा की जा रही कार्रवाई को लेकर सवाल उठ रहे है। भगत की कोठी स्थित वीर तेजा मंदिर परिसर पर जाट समाज के लोगों का धरना प्रदर्शन आठ दिन से जारी है। शव का पोस्टमार्टम करवाए जाने को लेकर गतिरोध अब तक बना हुआ है। कई जाट नेताओं ने धरना स्थल पर पहुंच कर परिवार को संवेदना व्यक्त किए जाने के साथ राज्य सरकार तक मांगों को लेकर बात पहुंचाई है, मगर आज दोपहर तक इस पर कोई हल नहीं निकला है। अभी तक हत्या के नामजद आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होने से पुलिस पर भी सवालिया निशान उठ रहे हैं। हत्याकांड से जुड़े होने की आशंका में पुलिस कई लोगों से पूछताछ कर चुकी है, मगर किसी प्रकार के नतीजे पर नहीं पहुंच पा रही है। मृतका अनिता चौधरी की सहेली सुमन को भी पुलिस ने

■ **हत्याकांड का मुख्य आरोपी गुलामुद्दीन भी अब तक पुलिस की गिरफ्त से बाहर**

शांतिभंग में गिरफ्तार किया है। पूर्व में पकड़ी गई आरोपी की पत्नी आबेदा और सुमन का आज एमजीएच में मेडिकल कराया गया है। ऑडियो वायरल के बाद सुमन से पुलिस ने पूछताछ आरंभ की है। फिलहाल उसके जुर्म में शामिल होने के आसार कम ही नजर आ रहे है। पुलिस हत्याकांड से जुड़े होने की आशंका में पंद्रह लोगों को शांति भंग में पकड़ा है। बुधवार को पुलिस ने सुमन सहित नौ अन्य लोगों को शांतिभंग में पकड़ा है।

सरदारपुरा थाने के एसआई विश्राम मीणा के अनुसार पहले पांच लोगों को पकड़ा गया था। कल 9 और लोगों को संदेह के आधार पर पूछताछ के लिए लाया गया और उन्हें शांतिभंग में गिरफ्तार किया गया। सुमन से एसआई रीना कुमार द्वारा पूछताछ चल रही है। यह भी बताया जाता है कि यदि शीघ्र मांगों पर सहमति नहीं बनी तो समाज की तरफ से बड़ा आंदोलन किए जाने के साथ जोधपुर बंद का भी आव्हान किया जा सकता है।

वहीं शहर पुलिस ब्यूटी पार्लर चलाने वाली अनिता चौधरी की हत्याकांड के मुख्य आरोपी गुलामुद्दीन की सरगर्मी से तलाश कर रही है। उसके प्रदेश से बाहर भागने की आशंका भी जताई जाती है। अलग अलग राज्यों में पुलिस की टीमें उसकी तलाश में जुटी है। उसके महाराष्ट्र की तरफ भागने का भी संदेह जताया गया है।

# विवाहिता ने आत्महत्या की

**कोटा,** (निसं)। गुमानपुरा थाना इलाके में पति से हुई कहासुनी के बाद गृह-क्लेश के चलते विवाहिता ने घर में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोटड़ी भोई मोहल्ला निवासी अनीता कश्यप (36) ने बुधवार रात्रि को पति से हुई कहासुनी के बाद घर में कमरे का दरवाजा बंद कर फांसी का फंदा लगा लिया परिजनों के आवाज देने के बाद जब महिला ने दरवाजा नहीं खोला तो परिजनों ने दरवाजा तोड़कर देखा तो महिला फांसी के फंदे पर लटकी हुई थी। महिला को नीचे उतरकर परिजन उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टर ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया।

# जिला कलेक्टर ने ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई में आमजन की समस्याएं सुनी

**भीलवाड़ा,** (निसं)। जिला कलेक्टर नमित मेहता गुरुवार को सहाड़ा क्षेत्र के दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत चीरखेड़ा में ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई में आमजन की समस्याएं सुनी। इसके पश्चात उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, आमली का औचक निरीक्षण किया और स्वास्थ्य व्यवस्थाएं जांची। साथ ही उपतहसील कार्यालय, कारोई का भी निरीक्षण किया।

त्रिस्तरीय जनसुनवाई व्यवस्था के अंतर्गत ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित जनसुनवाई में आमजन की समस्याओं को सुनने के लिए जिला कलेक्टर नमित मेहता चीरखेड़ा ग्राम पंचायत पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों के पेयजल, बिजली, सड़कों के मरम्मत, नमी निर्माण, भवन निर्माण, अतिक्रमण हटवाने, शमशान निर्माण, हैंडपंप लगवाने सहित विभिन्न परिवेदनाओं के 20 से अधिक प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण कर ग्रामीणों को राहत प्रदान की। जनसुनवाई में स्थानीय लोगों पेयजल से संबंधित समस्याएं जिला कलेक्टर के समक्ष रखी। जिला कलेक्टर ने पीएचईडी के अधीक्षण अभियंता को पेयजल सप्लाई दुरुस्त करने के लिए निर्देशित किया।

पीएचईडी अधीक्षण अभियंता



जिला कलेक्टर ने अस्पताल में दी जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली।

राजपाल सिंह ने बताया कि क्षेत्र में चंबल प्रोजेक्ट का कार्य शुरू होने तक रेगुलर सप्लाई को बेहतर कर ग्रामवासियों को राहत देने का प्रयास किया जा रहा हैं, चंबल परियोजना का जल पहुंचने के पश्चात पेयजल सप्लाई निर्बाध हो जाएगी। जिला कलेक्टर ने जनसुनवाई में डिस्कॉम के अधिकारी को बिजली की समस्या के समाधान के लिए रेगुलर मॉनिटरिंग के निर्देश दिए। इस अवसर पर सीईओ चंद्रभान भाटी, सरपंच पारस देवी, एसडीएम राजेश कुमार, सहित पानी, बिजली, चिकित्सा सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी तथा ब्लॉक स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

पीएचसी का औचक निरीक्षण :- इसके पश्चात जिला कलेक्टर नमित मेहता ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, आमली का आकस्मिक निरीक्षण किया। जिला कलेक्टर ने अस्पताल परिसर में उगी झाड़ियों को लेकर नाराजगी जताई। उन्होंने पीएचसी प्रभारी को झाड़ियां हटवाने, साफ सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने सीएमएचओ डॉ. सीपी को अस्पताल में डिलीवरी की संख्या बढ़ाने और जिले की सभी पीएचसी में संस्थागत प्रसव हो यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बाउंड्रीवाल में मरम्मत और रंगरोगन के भी निर्देश दिए।

उन्होंने दवाओं के स्टॉक को जांचा और एक्सपायरी डेट की जांच की। साथ ही उन्होंने अस्पताल में दी जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। साथ ही हाजिरी रजिस्टर से कार्मिकों की उपस्थिति जांची। उन्होंने कहा कि सभी चिकित्सकीय प्रबंधन

■ **कलेक्टर ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, आमली और उपतहसील कार्यालय कारोई का निरीक्षण किया**

■ **कलेक्टर ने इलाज के लिए आए ग्रामीणों से अस्पताल में दी जा रही सुविधाओं के संबंध में फीडबैक भी लिया**

बेहतर रखें एवं मरीज का त्वरित उपचार हो। जिला कलेक्टर ने इलाज के लिए आए ग्रामीणों से अस्पताल में दी जा रही सुविधाओं के संबंध में फीडबैक भी लिया। उन्होंने अस्पताल की प्रयोगशाला, टीकाकरण कक्ष दवा वितरण केंद्र, स्टोर रूम सहित विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया। वहीं जिला कलेक्टर नमित मेहता ने उपतहसील कार्यालय, कारोई का औचक निरीक्षण किया जहां नायब तहसीलदार को परिसर की साफ सफाई, झाड़ियां हटवाने के लिए निर्देश दिए।

